Published Date:	Thursday 13th August, 2020	Publication:	Veer Arjun (Hindi) [New Delhi]
Journalist:	PTI	Page No:	11
MAV/CCM:	21,462/10.22	Circulation:	102,000

लेमन ट्री होटल्स ने गुजरात में नए होटल की शुरुआत की

नई दिल्ली, (भाषा)। आतिथ्य क्षेत्र की कंपनी लेमन ट्री होटल्स ने बुधवार को बताया कि उसने गुजरात के द्वारिका में नए होटल की शुरुआत की है। कंपनी ने बताया कि इस होटल में 109 कमरे और सुइट्स हैं, और इसका प्रबंधन कार्नेशन होटल्स द्वारा किया जाएगा, जो लेमन ट्री होटल्स की सहायक इकाई और होटल प्रबंधन शाखा है। यह होटल गुजरात में द्वारकाधीश मंदिर के पास है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि इस होटल को लेमन ट्री प्रीमियर ब्रांड नाम के साथ शुरू किया गया है। लेमन ट्री होटल्स के इस समय भारत में और विदेशों में 49 स्थानों में 81 होटलों का संचालन करती है।